# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.11.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के बनारस रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों को रवाना करते हुए कहा– वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव रख रही हैं।
2. द्वीपसमूह में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया।
3. प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत आज प्रशिक्षण–सह–अभिविन्यास कार्यक्रम के साथ पाककला प्रतियोगिता आयोजित की गई।
4. सतत कृषि को बढ़ावा देने के लिए, कृषि विभाग की ओर से किसानों को फलों और मसालों की रोपण सामग्री वितरित की जा रही है।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बनारस रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों को रवाना किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत रेलगाडियां भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव रख रही हैं। हर भारतीय को वंदे भारत ट्रेन पर गर्व है। यह ट्रेन भारतीयों द्वारा और भारतीयों के लिए बनाई गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश के अलग–अलग हिस्सों में नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत हो रही है। काशी से खजुराहो वंदे भारत के अलावा फिरोजपुर–दिल्ली वंदे भारत लखनऊ–सहारनपुर वंदे भारत और एर्नाकुलम–बेंगलुरु वंदे भारत इसको भी हरी झंडी दिखाई गई है। इन चार नई ट्रेनों के साथ ही अब

देश में 160 से ज्यादा नई वंदे भारत ट्रेनों का संचालन होने लगा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया भर के विकसित देशों में बुनियादी ढांचे के विकास ने उनके आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के विकास ने पर्यटन के अधिक अवसर खोले हैं। उन्होंने कहा कि आज काशी में बुनियादी ढांचे का विकास तेज़ी से हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वाराणसी में रोपवे का काम तेज़ी से चल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि महामना कैंसर अस्पताल और शंकर नेत्रालय अस्पताल मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास काशी में स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार का भी है। महामना कैंसर अस्पताल, शंकर नेत्रालय, बीएचयू में बना अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर, ये सारे अस्पताल आज काशी, पूर्वांचल समेत आसपास के राज्यों के लिए भी वरदान बने हैं। इन अस्पतालों में आयुष्मान भारत और जनऔषधि केंद्र की वजह से आज गरीबों को लाखों लोगों के करोड़ों रुपयों की बचत हो पा रही है।

<><><><><><><>

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आज अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में व्यापारी सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी रघुनाथ कुलकर्णी ने जीएसटी दरों में सुधार, स्थानीय व्यापारिक अवसरों और कैम्पबेल बे ट्रांसशिपमेंट पोर्ट जैसी योजनाओं पर जानकारी दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने स्थानीय उद्योगों की भूमिका और अंडमान के योगदान पर प्रकाश डाला। सांसद बिष्णु पद रे, प्रदेश उपाध्यक्ष शेर सिंह, सहित कई पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अभियान में बड़ी संख्या में व्यापारी

और कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का आहवान किया गया।

<><><><><><>

विद्युत विभाग ने कहा है कि बम्बूफ्लाट स्थित मौजूदा दस मेगावाट निजी विद्युत संयंत्र में तीन डीजल जनरेटर इकाइयों के पुनरुद्धार और श्री विजयपुरम के ग्रिड में दो दशमलव पांच मेगावाट जोड़ी गई है। विद्युत विभाग ने ग्रिड में तीन मेगावाट की अतिरिक्त वृद्धि की है, जिससे शाम के समय में उपलब्ध विद्युत क्षमता तैंतीस मेगावाट से बढ़कर अड़तीस दशमलव पांच मेगावाट हो गई है। विभाग ने कहा है कि नवंबर माह के दौरान बम्बूफ्लाट के बिजली संयंत्र में 1 मेगावाट के अतिरिक्त डीजी सेट के अलावा फीनिक्स बे पावर हाउस में एक नए दो दशमलव पांच मेगावाट डीजल जनरेटर सेट के साथ उत्पादन क्षमता के विस्तार से ग्रिड में पर्याप्त बिजली उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से प्रधानमंत्री सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने परिसरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करने की भी सलाह दी है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत आज गर्ल्स स्कूल के सभागार में एक रसोइया–सह–सहायक प्रशिक्षण–सह–अभिविन्यास कार्यक्रम और पाककला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप शिक्षा अधिकारी ज्ञानशील दुबे, ने किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री पोषण योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। समाज कल्याण विभाग की सलाहकार सारिका वर्मा ने प्रधानमंत्री पोषण योजना पर जानकारी दी और प्रतिभागियों को संतुलित आहार के प्रमुख पहलुओं के बारे में

बताया। कार्यक्रम के दौरान रसोइया–सह–सहायकों के लिए "पोषक थाली" विषय पर आधारित पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने स्थानीय, मौसमी सामग्री का उपयोग करके संतुलित और पौष्टिक भोजन तैयार किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संतुलित पोषण और पाक रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से आज वार्ड संख्या 01 और 02 तथा वार्ड संख्या 03 के सामुदायिक हॉल में एक विशेष कर संग्रह अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के लिए अपने नगरपालिका करों का भुगतान आसान बनाना और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना था। आगामी शनिवार को वार्ड संख्या 04 में कर संग्रह अभियान चलाया जाएगा। यह पहल नागरिक सुविधाओं में सुधार और नगरपालिका सेवाओं का वित्तपोषण सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम है।

<><><><><><>

सतत कृषि और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए, कृषि विभाग की ओर से किसानों को घर–घर जाकर फलों और मसालों की गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री वितरित की जा रही है। संबंधित क्षेत्रों के विस्तार अधिकारियों द्वारा किसानों को फलों और मसालों की वैज्ञानिक खेती के तरीकों के बारे में जागरूक किया जा रहा है और सभी पंचायतों के पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों को भी इसकी जानकारी दी गई है। एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत फलों और मसालों के क्षेत्र विस्तार के लिए वित्तीय सहायता केंद्र प्रायोजित योजना के तहत लाभार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कृषक समुदायों को

अपनी उपज उगाने के लिए उपकरणों से सशक्त बनाना, आयात पर निर्भरता कम करना और जैव विविधता को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति में एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर विधि अधिकारी के पद पर भर्ती की जाएगी। इस पद के लिए उम्मीदवार का किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से विधि में डिग्री का होना अनिवार्य है। उम्मीदवार की आयु तीस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवार को बासठ हजार की एकमुश्त राशि दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार सात दिसम्बर शाम पांच बजे तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के निदेशक के पते पर निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

कोलकाता से आ रहे जहाज एम वी स्वराज द्वीप के दस नवम्बर को सुबह छः बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। जहाज में साठ से अधिक लोग सवार हैं और इससे चार सौ तीस से अधिक मिट्रिक टन माल लाया जा रहा है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>